करियर मार्गदर्शन और परामर्श पर सैमीनार आयोजित

शाहाबाद मारकंडा, 8 जून (मदन) : आर्य कन्या महाविद्यालय में करियर गाइडेंस एवं प्लेसमैंट सैल द्वारा करियर मार्गदर्शन और परामर्श पर सैमीनार का आयोजन किया गया, जिसमें एकैडमी से मनीष ग्रोवर मुख्य वक्ता रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य ड्रा. सुनीता पाहवा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया और छात्राओं को अपना लक्ष्य पूर्ण निष्ठा के साथ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

शाहाबाद में आर्य कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को संबोधित करते मुख्य वक्ता। (आजाद)

मुख्य वक्ता ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया तथा अपने जीवन के विभिन्न अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन संसाधनों की उपयोगिता के विषय में बताया। उन्होंने छात्राओं को वर्तमान समय में बैंक के रिक्त पदों की भी जानकारी दी। मंच का संचालन डाक्टर हेमा सुखीजा ने किया। सैमीनार में लगभग 90 छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर वीणा, डाक्टर पूनम सिवाच, स्वाति, अनमोल, प्रीति भी उपस्थित थे।